ट्रेवॅल अँड टूरिज़म में करियर

ट्रेवॅल ऐंड टूरिज्म इंडस्ट्री का दायरा हाल के वर्षो में तेजी से बढा है। दुनियाभर में पर्यटन क्षेत्र अगले दस साल में चार करोड़ लोगों को रोजगार देने के साथ ही दुनिया का दूसरा सबसे बडा रोजगार देने वाला क्षेत्र बन जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोचैम और यस बैंक के संयुक्त अध्ययन में कहा गया है कि जिस तरह से देश दुनिया में ट्रेवल और टूरिज्म का क्षेत्र बढ़ रहा है उसे देखते हुए लगता है कि 2019 तक यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बडा क्षेत्र बन जाएगा। अध्ययन के अनुसार 2010 से लेकर 2020 की अवधि में पर्यटन क्षेत्र के 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वैसे, यह क्षेत्र अब तकनीकी रूप से भी विकसित हो रहा है। आप सरकारी पर्यटन विभागों, ट्रेवॅल एजेंसीज, एयरलाइंस, होटलों आदि में बेहतरीन करियर बना सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, प्रत्येक विकसित होते क्षेत्रों की तरह ही ट्रेवॅल ऐंड टूरिज्म इंडस्ट्री में भी पेशेवर लोगों की डिमांड लगातार बढती जा रही है। इसलिए यदि आप ट्रेवॅल ऐंड टूरिज्म से जुडे कोर्स कर लेते हैं, तो आपके लिए कई विकल्प खुल जाएंगे।

- **कोर्सेस : कई हैं विकल्प**

इस इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए फुल टाइम कोर्सेज के अलावा शार्ट-टर्म कोर्स के विकल्प भी उपलब्ध हैं। आप बैचलर कोर्स के साथ-साथ मास्टर यानी पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स भी कर सकते हैं। बैचलर कोर्स तीन साल और पीजी कोर्स दो साल के होते हैं। कई संस्थानों में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर किए जा रहे हैं। कुछ प्रमुख कोर्सेज इस प्रकार हैं :

- **फुल टाइम कोर्सेस**

❖ बैचलर ऑफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रिशन
❖ बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडीज
❖ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रिशन इन टूरिज्म ऐंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
❖ एमए इन टूरिज्म मैनेजमेंट

- **शॉर्ट टर्म डिप्लोमा कोर्स (एक वर्षीय कोर्स)**

❖ एयरलाइन टिकटिंग
❖ एयरलाइन ग्राउंड ऑपरेशंस
❖ ग्राउंड सपोर्ट ऐंड एयरपोर्ट मैनेजमेंट
❖ टूरिजम मैनेजमेंट
❖ गाइडिंग ऐंड एस्कॉर्टिंग
❖ कार्गो मैनेजमेंट
❖ एयरपोर्ट लॉजिस्टिक मैनेजमेंट

- **करियर**

- **टूरिजम डिपार्टमेंट :** रिजर्वेशन ऐंड काउंटर स्टाफ, सेल्स ऐंड मार्केटिंग स्टाफ, टूर प्लानर्स, टूर गाइडेंस। ये वे जॉब हैं, जो सरकारी टूरिजम डिपॉर्टमेंट की तरफ से ऑफर किए जाते हैं। ऑफिसर्स ग्रेड की नौकरी संघ लोक सेवा आयोग या एसएससी (स्टाफ सलेक्शन कमीशन) की परीक्षा पास कर हासिल की जा सकती है।
- **एयरलाइंस :** यह क्षेत्र ट्रेवॅल ऐंड टूरिज्म इंडस्ट्री का खास हिस्सा है। जिन्होंने टूरिज्म के अलावा होटल मैनेजमेंट का कोर्स भी किया है, वे इस क्षेत्र में आसानी से एंट्री ले सकते हैं। टूर ऑपरेटर्स : पर्यटन स्थलों में टूर का संचालन और उसे मैनेज करने का काम करते हैं टूर ऑपरेटर्स। टूरिस्ट गाइड का कोर्स करने के बाद टूर ऑपरेटर्स की नौकरी आसानी से मिल सकती है।
- **ट्रेवॅल एजेंसीज :** ट्रेवॅल एजेंट्स का काम होता है कई सारे विकल्पों के बीच अपने ग्राहकों को अच्छी सेवा मुहैया कराना। कस्टमर के साथ बेहतर डील करने वालों के लिए यह बेहतरीन जॉब है।
- **होटल क्षेत्र :** ट्रेवॅल ऐंड टूरिज्म इंडस्ट्री के विकास के साथ होटलों का एक खास रिश्ता है। यही वजह है कि इस इंडस्ट्री के विकास के साथ-साथ होटल इंडस्ट्री भी लगातार विकसित हो रही है। इससे रोजगार के अवसरों में इजाफा हुआ है। होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद यहां जॉब की संभावनाएं खुल जाती हैं।

- **ट्रेवॅल ऐंड टूरिजम के कोर्स में एंट्री के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए?**

बारहवीं पास करने के बाद स्नातक कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। पीजी डिप्लोमा कोर्स या पीजी लेवॅल के कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक है। इस कोर्स में किसी भी विषय या स्ट्रीम के छात्र प्रवेश ले सकते हैं।

- **कैंडिडेट्स में क्या खास स्किल्स होने चाहिए?**

विषय पर अच्छी पकड के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होनी चाहिए। हां, जिन छात्रों ने फॉरेन लैंग्वेज के कोर्स किए हैं और जिन्हें ज्योग्राफी की अच्छी नॉलेज भी है, उन्हें वरीयता दी जाती है।

- **करियर की दृष्टि से कितनी बेहतर है यह इंडस्ट्री?**

करियर की दृष्टि से उन्हीं क्षेत्रों को बेहतर माना जा सकता है, जहां आपकी सारी आवश्यकताएं पूरी हो। जैसे- सैलॅरी अच्छी मिलती हो, आगे बढने का भरपूरअवसर हो और सबसे खास बात यह कि वह क्षेत्र आपकी रुचि के अनुकूल भी हो। इस दृष्टि से पर्यटन उद्योग आज बिल्कुल फिट है। भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस फील्ड में आज अवसरों की कमी नहीं है। यहां आप सरकारी, निजी और मल्टीनेशनल कंपनियों में भी रोजगार

की तलाश कर सकते हैं। निजी कंपनियों में बेहतर कैंडिडेट्स के लिए जॉब की कमी नहीं है। यहां मैनेजमेंट ट्रेनी/ऑपरेशन ट्रेनी के रूप में रखा जाता है। एक बार प्रशिक्षित हो जाने के बाद उन्हें एग्जीक्यूटिव पद के लिए नियुक्त कर लिया जाता है।

❖ **Top Institutes**

- Acharya Nagarjuna Institute of Tourism & Hospitality Management Guntur, Andhra Pradesh
- Dr. Babasaheb Ambedkar Marathwada ,Department of Tourism Administration Aurangabad, Maharashtra,
- Institute of Hotel & Tourism Management Pune, Maharashtra,
- Kohinoor College of Hotel & Tourism Management Studies, Kolhapur, Maharashtra
- Viva College of Hotel and Tourism Management Studies Thane, Maharashtra,

★अधिक जानकारी के लिए आप निम्न साइट्स पर विजिट कर सकते हैं...

➢ http://www.iittmgwalior.org/ Indian Institute of Tourism and Travel Management, Gwalior (IITTM)

➢ www.travelindustrycareers.org/ Travel industry Career

➢ http://www.kittsedu.org Kerala Institute of Tourism and Travel Studies (KITTS) Residency Compound

➢ http://www.mtashimla.org Master of Tourism Administration, Institute of Vocational Studies, Himachal Pradesh University, Shimla, India

➢ http://www.minglebox.com/travel-and-tourism/colleges